
हरियाणा
विकास एवं चेतना की मासिक पत्रिका

# संवाद



## महिलाओं-बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग हरियाणा सरकार

अक्तूबर 2012 www. haryanasamvad.gov.in (कृषि संवाद परिशिष्ट सहित) मूल्य : 15 रुपये




# सबकी सेहत का ख्याल ताकि प्रदेश हो खुशहाल



कैथल के अजीमगढ़ गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जन समस्याएं सुनते जिले के प्रशासनिक अधिकारी

# कैथल में जनसेवा की नई पहल

सुरेन्द्र सिंह मलिक

हरियाणा के कैथल जिले में पहली बार रात्रि ठहराव कार्यक्रम शुरू किया गया है जो दिनोंदिन नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर निदान करना, जनता व प्रशासन के मध्य संबंधों को और बेहतर बनाना, कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करवाना, लोगों को जागरुक कर ग्राम स्तर पर विकास की नई इबारत लिखना व पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सोच को प्रगतिशील बनाकर उन्हें रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करना है। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों पर आयोजित किया जा रहा रात्रि ठहराव कार्यक्रम महीने में दो शुक्रवारों को ऐसे गांवों में आयोजित आयोजित किये जा चुके हैं, जिनमें भाईचारे तथा सामाजिक सौहार्द का वातावरण हो। इस कार्यक्रम में जिले का पूरा प्रशासन रात्रिभर गांव में लोगों की समस्याओं को न केवल सुनता है, बल्कि मौके पर उनका समाधान भी तत्परता से करता है। कैथल में अगस्त महीने में प्रारंभ हुए ये कार्यक्रम आहू, बूढ़ा खेड़ा व पंजाब सीमा से लगते गांव अजीमगढ़ में सफलतापूर्वक आयोजित किये जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों की सफलता को देखकर जिले के कई अन्य गावों ने भी यह कार्यक्रम अपने गांव में कराने की मांग की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा एनजीओ का सहयोग भी लिया जाता है।

> जन कल्याण के लिए हरियाणा में अनेक योजनाओं की शुरुआत की गई है। ग्रामीण विकास वर्तमान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की पहल पर कैथल में शुरू किया गया 'रात्रि ठहराव कार्यक्रम' विकास की नई इबारत लिखने में क्रांतिकारी कदम साबित होगा।

> सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लोगों को आसानी से उपलब्ध हों। वे सुनिश्चित करें कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। वे प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुने और कम से कम महीने में एक दिन गांव में रहकर उनकी समस्याओं को समझें और उनका त्वरित समाधान करें।
>
> भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, मुख्यमंत्री, हरियाणा

### समस्याओं का निदान

कैथल खंड के गांव अजीमगढ़ की आबादी 2200 के करीब है जिनमें 400 के करीब घर हैं। प्रशासन द्वारा यहां जिले के तीसरे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त श्री चंद्रशेखर ने राजकीय प्राइमरी स्कूल परिसर के निकट राजीव गांधी सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इससे पूर्व स्कूल परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा मौके पर 120 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के मामले निपटाए गए, वहीं दो जन्म-प्रमाण पत्र व एक मृत्यु प्रमाण पत्र मौके पर बनाये गये। गांव के 133 घरों में पानी के कनेक्शनों को स्वीकृति दी गई। इसी कड़ी में उद्यान विभाग ने 30 एकड़ में टपका सिंचाई तथा एक एकड़ में पॉली हाउस स्थापित करने के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम में वन विभाग ने बेलपत्थर,

## ऐसे हुई कार्यक्रम की शुरुआत

कैथल के उपायुक्त चंद्रशेखर रात्रि ठहराव कार्यक्रम की शुरुआत करने के बारे में कहते हैं कि प्रदेश मे ग्रामीण क्षेत्र में विकास को बढावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 7 जुलाई को चंडीगढ में उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने जनता व प्रशासन के मध्य सीधा संवाद स्थापित करने और ग्रामीणों की समस्याओं को उनके घर द्वार पर निपटाने वाले किसी कार्यक्रम को प्रारम्भ करने के संकेत दिए थे। मुख्यमंत्री के इसी संकेत पर मैंने इस योजना को कार्यरूप देने का फैसला लिया। मैंने कई सरपंचों और अधिकारियों से विचार विमर्श करके जिले में यह कार्यक्रम प्रारम्भ किया है, जिसमें अपार सफलता प्राप्त हो रही है।






## ग्राम सभा का आयोजन

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव में किस प्रकार से ग्राम सभाओं का आयोजन पंचायत द्वारा किया जाता है व कौन कौन से मुद्दे उठाये जाते हैं,पर सभा करके प्रकाश डाला गया। पहली बार गांव की 18 वर्षीय लड़की जसवीर कौर ने ग्राम सभा की शुरुआत की। सभा में मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों व आम व्यक्तियों ने संकल्प लिया कि वे अपने बच्चों को हर हाल में स्कूल में शिक्षा के लिए भेजेंगे। सभा में भविष्य में पॉलीथिन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से विकास कार्यों व शिक्षा संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

> अजामगढ़ में हमारा तीसरा कार्यक्रम हुआ है इससे पूर्व दो कार्यक्रम सफलतापूर्वक हम कर चुके हैं। इनमें हम 70 से 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर चुके हैं। प्रारम्भ में मैंने कैथल के सरपंचों की छह बैठकें ली व उनकी समस्याओं का अध्ययन किया। प्रशासन द्वारा मौके पर समस्याओं का समाधान करना व योजनाओं से लोगों को अवगत करना इसका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में लोगों का पर्याप्त सहयोग मिल रहा है।
>
> **चंद्रशेखर**, जिला उपायुक्त, कैथल

जामुन,अमरूद और तुलसी के 500 पौधे वितरित किये गए। खाद्य आपूर्ति विभाग ने उपभोक्ताओं के 40 नए राशन कार्ड बनाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 503 लोगों का उपचार करके उन्हें जीवन रक्षक दवाइयां दी गई। 58 लोगों की एचआईवी जांच की गई और 126 लोगों की हाइपर टैंशन जांच की गई। कार्यक्रम का सबसे ज्यादा लाभ गांव को 100 केवीके का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मंजूरी मिलने से और स्कूल के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज की एचटी लाइन बदलने से हुआ। अनुसूचित जाति व वित्त विकास निगम को गरीब परिवारों द्वारा व्यवसाय शुरू करने लिए ऋण के लिए कई आवेदन प्राप्त हुए। 355 पशुओं का मौके पर ही उपचार किया गया व राजस्व विभाग ने इंतकाल के 12 मामले का निपटान किया। इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी विवाह शगुन योजना के तहत दो महिलाओं को राशि के ड्राफ्ट दिये गये। स्कूल परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी सवेरें नौ बजे से शाम के पांच बजे तक लगाई गई जिसका ग्रामीणों ने पूरा फायदा उठाया। उपायुक्त ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत पांचवी कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।

## प्रेरणादायक फिल्मों का प्रदर्शन

राजकीय पाठशाला में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इसमें भ्रूणहत्या को रोकने के लिए फिल्म, शिव खेड़ा की ड्यूटी के प्रति निष्ठा दिखाती फिल्म ,सीयाचीन पर बनाई गई फिल्म और यातायात के नियमों पर आधारित फिल्में दिखाई गई। गिरते भू-जल स्तर को रोकने के लिए कलाकारों द्वारा लोकगीत के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया।

## सरकारी योजनाओं पर प्रकाश

कार्यक्रम में पहुंचे आला अधिकारियों ने सरकार की जनहित में चल रही योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। अतिरिक्त उपायुक्त श्री दिनेश सिंह यादव ने कहा कि ग्राम सभा का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ जोड़ना है। उन्होंने ग्राम सभा में मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि वे मनरेगा योजना के तहत विकास के ज्यादा से ज्यादा काम करवाएं। पशुपालन विभाग के मंगला राम ने पशुपालन से संबंधित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग के लिए प्रारम्भ की गई योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। चारा मशीनों, अच्छी नस्ल

की भैंसों पर ऋण की सुविधा और गलघोटू बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान, दूध का ज्यादा उत्पादन लेने, पशुओं की विभिन्न किस्में और किसानों की स्थिति में सुधार लाने की योजनाओं को रेखांकित किया। जन स्वास्थ्य विभाग ने घटते भू-जल की समस्या के मद्देनजर कम पानी का उपयोग करने का आह्वान किया। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश कौथ ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के कारण स्कूल के पांच बच्चों को स्कूल में दाखिल करवाया जा सका जो स्कूल छोड़ चुके थे। सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र नैन ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ डायबिटीज व कोलस्ट्रोल की जांच के बारे में भी उपयोगी जानकारी दी। बिजली विभाग के कार्यकारी अभियन्ता पी.सी. सैनी ने कुंडी कनेक्शन व सरकार द्वारा किसानों के लिए ऋण माफी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में एक अधिकारी खंडूजा ने मोहित नामक लड़के को उम्र भर पढ़ाने की जिम्मेदारी स्वीकार की।

### कहां से हुई कार्यक्रमों की शुरूआत

गावों का समूचित विकास करने के दृष्टिगत 3 अगस्त को आहू गांव तथा 24 अगस्त को बूढ़ा खेड़ा गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों की मांग पर दोनों गांवों में तीस-तीस लाख रुपये की लागत से एक-एक पार्क विकसित करने की घोषणा प्रशासन द्वारा की गई है। आहू गांव में ढ़ाई एकड़ भूमि में तथा बूढा खेड़ा गांव में छह एकड़ भूमि में मनरेगा योजना के तहत पार्क विकसित किया जाएगा।

### क्या है कार्यक्रमों का स्वरूप

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महीने में दो बार शुक्रवार को खंड के दो गांवों का चयन कर जिला प्रशासन द्वारा गांवों की समस्याओं को इनके घर द्वार पर निपटाया जाता है। इन कार्यक्रमों के तहत लाभार्थियों को कई करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। रात्रि ठहराव कार्यक्रमों के दौरान संबंधित गांवों के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक भी वितरित किए जाते हैं।

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम के परिणाम

रात्रि ठहराव कार्यक्रम की सफलता के परिणामस्वरूप ही कई गांवों के युवा संगठनों द्वारा स्वेच्छा से अपने गांवों में सफाई अभियान शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करने का आह्वान किया जाता है। खेड़ी लांबा ग्राम पंचायत द्वारा सर्वसम्मति से गांव में बिजली चोरी रोकने का प्रस्ताव पारित पास किया गया है जो कार्यक्रम की सफलता का परिचायक है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाता है। अकेले आहू गांव में 600 तथा बूढ़ा खेड़ा गांव में 150 फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के समापन से पूर्व गांव की गलियों से पॉलीथीन एकत्रित करने के लिए सफाई अभियान चलाया गया।

## क्या कहना है लोगों का

### अब समस्याएं होगी दूर



घर द्वार पर प्रशासन आकर समस्याओं को दूर करना अच्छा लगा। पहले इन कार्यों के लिए ब्लॉक में जाना पड़ता था। इस कार्यक्रम से लोगों की वर्षों पुरानी समस्याओं का निदान अब जल्द हो रहा है।

किसान बलविन्द्र सिंह, अजीमगढ ,कैथल

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम वक्त की मांग

रात्रि कार्यक्रम वक्त की मांग है। दफ्तरों में समस्याओं का समाधान अमूमन कम ही होता है लेकिन सरकार के रात्रि कार्यक्रम में यह संभव हो पाया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समय की बचत होती है व जनता का प्रशासन से सीधा संवाद होता है।



सतवीर सिंह, जल स्वच्छता समिति, फतेहाबाद

### हर गांव में हों ऐसे कार्यक्रम

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में वो कार्य पूर्ण हो रहे हैं जो 10-10 वर्षों से नहीं हो पाये थे। इस कार्यक्रम से कुछ कार्य पहले हो गये व कुछ कार्यक्रम के दिन हुए हैं। सरकार का यह कदम पूरी तरह से सराहनीय है। इस प्रकार के कार्यक्रम से लंबित समस्याओं का मौके पर निदान होता है।



रणजीत सिंह, सरपंच, अजीमगढ,कैथल